## 'स्वच्छ सर्वेक्षण' का 9वां संस्करण

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण (SS)' के 9वें संस्करण की टूलकिट को लॉन्च किया।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस नई स्वच्छ सर्वेक्षण टूलकिट को सरल, तेज, व्यवस्थित और सर्वसमावेशी रखा गया है।
- **समयावधि:** 9वें संस्करण के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण-क्षेत्र मूल्यांकन का अंतिम चरण **15 फरवरी 2025 को शुरू होगा और मार्च 2025** के अंत तक पूरा हो जाएगा।
- **पृष्ठभूमि:** वर्ष 2016 में **आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय** द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण, नागरिक भागीदारी और तीसरे पक्ष के सत्यापन के माध्यम से शहरी स्वच्छता में सुधार लाने के लिए कार्य करता है।
- **सुपर स्वच्छ लीग:** वर्ष 2024 के लिए एक विशेष श्रेणी, 'सुपर स्वच्छ लीग' शुरू की गई थी, जो स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों की एक अलग लीग है।
  - पिछले 3 वर्षों (2021-2023) में कम से कम **2 वर्षों के दौरान शीर्ष 3 स्थानों पर रहने वाले शहरों को इसमें जगह** मिली है।
  - **सुपर स्वच्छ लीग में 12 शहर** हैं। प्रत्येक जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 3 रैंकिंग वाले शहर अगले वर्षों के लिए लीग में शामिल किया गया है।
- **5 श्रेणियों में वर्गीकृत**: इस वर्ष पहली बार शहरों को जनसंख्या पर आधारित 5 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:
  - इनमें बहुत छोटा, छोटा, मध्यम वर्गीय, बड़ा और दस लाख से अधिक आबादी वाली श्रेणी के शहर शामिल हैं।
  - प्रत्येक श्रेणी का मूल्यांकन **जनसंख्या, उसके विशिष्ट आकार और आवश्यकताओं के अनुरूप** मापदंडों के आधार पर किया जाएगा।
  - इसके जरिए अब छोटे शहर भी अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन कर सकेंगे।
- **संकेतक:** नई स्वच्छ सर्वेक्षण टूलकिट में सभी संकेतकों को **10 बकेट** में बांटा गया है, ये हैं: -
  - i) दृश्यमान स्वच्छता ii) कचरे का पृथक्करण, संग्रह और परिवहन iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन iv) स्वच्छता तक पहुंच v) उपयोग किए गए जल का प्रबंधन vi) डीस्लजिंग सेवाओं का मशीनीकरण vii) स्वच्छता को बढ़ावा देना viii) पारिस्थितिकी तंत्र और संस्थागत मापदंडों को मजबूत करना ix) सफाई कर्मचारियों का समग्र कल्याण x) नागरिक प्रतिक्रिया और शिकायत निवारण।

## विश्व स्मारक निगरानी सूची, 2025

विश्व स्मारक कोष (WMF) ने हैदराबाद की मूसी नदी ऐतिहासिक इमारतों को अपनी 2025 विश्व स्मारक निगरानी सूची में शामिल किया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- 29 देशों से विश्व स्मारक निगरानी सूचीबद्ध 25 साइटों में से **दो भारत में स्थित** हैं, जिनमें मूसी नदी से सटे ये भवन भी शामिल हैं।
- डब्ल्यूएमएफ की घोषणा अनुसार मूसी नदी के किनारे स्थित कई ऐतिहासिक इमारतें, जैसे **तेलंगाना उच्च न्यायालय, राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, ब्रिटिश लाइब्रेरी और उस्मान जनरल अस्पताल**, को विश्व स्मारक निगरानी 2025 में शामिल किया गया है।
- हैदराबाद में मूसी नदी गलियारा, जो इतिहास में समृद्ध है, वर्तमान में प्रदूषण के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है।
- डब्ल्यूएमएफ को विचार के लिए दुनिया भर में 200 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए है।

## गुड सेमेरिटन योजना

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले व्यक्तियों के लिए पुरस्कार में वृद्धि की घोषणा की।

**प्रमुख बिंदु:**

- **इनाम राशि:**गुड सेमेरिटन के लिए प्रोत्साहन राशि को **5,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000** रुपये करने की योजना है, जो कि पांच गुना वृद्धि है।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य लोगों को आपात स्थिति के दौरान आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना है।
- यह घोषणा नागपुर में आयोजित एक सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में की गई। जिसमे जीवन बचाने के लिए दुर्घटना के बाद के महत्वपूर्ण पहले घंटे **"गोल्डन ऑवर"** के दौरान तत्काल सहायता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।
- सरकार घायल व्यक्तियों के इलाज के पहले **सात दिनों के लिए 1.5 लाख रुपये तक के अस्पताल खर्च** को कवर करने की भी योजना बना रही है।
- **लागू क्षेत्र:** यह संशोधन राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ-साथ शहरों, जिलों और ग्राम पंचायतों की सड़कों पर भी लागू होता है।
- **पृष्ठभूमि:** अक्टूबर 2021 में शुरू की गई गुड सेमेरिटन योजना का उद्देश्य कानूनी या प्रक्रियात्मक जटिलताओं के डर के बिना दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## समाचार में प्रजाति

### रक्त चूसने वाली मक्खियों की 23 प्रजातियाँ



- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के शोधकर्ताओं ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में **क्यूलिकोइड्स वंश से संबंधित रक्त चूसने वाली मक्खियों** की 23 प्रजातियों की पहचान की है।
- इनमें से 13 प्रजातियों की रिपोर्ट पहली बार भारत में की गई।
- स्थानीय रूप से **"भूसी मक्खियों"** के रूप में जानी जाने वाली ये मक्खियाँ भेड़, बकरी, मवेशी और हिरण जैसे जंगली जानवरों का खून चूसने के लिए कुख्यात हैं।
- इनमें से पाँच प्रजातियाँ **ब्लू टंग डिजीज को फैलाने में सक्षम** हैं, जो पशुधन के लिए संभावित रूप से घातक वायरल स्थिति है।
- 2022 और 2023 में किए गए अध्ययन से पता चला है कि पहचान की गई **23 प्रजातियों में से 17 मनुष्यों को काटने में सक्षम** हैं।

## सम्मेलन/बैठक

### विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 55वीं वार्षिक बैठक

- विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 2025 वार्षिक बैठक, 20-24 जनवरी, 2025 को दावोस-क्लोस्टर्स, स्विटज़रलैंड में आयोजित की जा रही है।
- डब्ल्यूईएफ 2025 की थीम: **"बुद्धिमान युग के लिए सहयोग"**
- डब्ल्यूईएफ 2025 के फोकस के साथ,भारत पाँच प्रमुख कार्यधाराओं में समाधान तलाशने में सबसे आगे है- **विकास की पुनर्कल्पना, लोगों में निवेश, विश्वास का पुनर्निर्माण, बुद्धिमान युग में उद्योग और ग्रह की सुरक्षा।**

## चर्चित व्यक्तित्व-उपलब्धि

- **एस.पी. उदयकुमार**



- भारत में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ़ जन आंदोलन के संयोजक एस.पी. उदयकुमार को परमाणु-मुक्त दुनिया की दिशा में उनके प्रयासों के लिए प्रतिरोध श्रेणी में **2025 परमाणु-मुक्त भविष्य पुरस्कार** के लिए चुना गया है।
- उदयकुमार ने 2011 में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- यह पुरस्कार, यूरेनियम खनन, परमाणु हथियारों और परमाणु ऊर्जा को खत्म करने के लिए काम करने वाले व्यक्तियों को मान्यता देता हैं।

## चर्चित व्यक्तित्व-नियुक्ति

### ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह




- 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में असम पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को **केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल** का नया डीजी नियुक्त किया गया है।
- उनका कार्यकाल **30 नवंबर, 2027** को उनकी सेवानिवृत्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, रहेगा।

## महत्वपूर्ण दिन/दिवस

### 19 जनवरी

- **राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल स्थापना दिवस**
- भारत में प्रत्येक वर्ष 19 जनवरी को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) आपदा प्रतिक्रिया के लिए समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा त्वरित प्रतिक्रिया बल है।
- एनडीआरएफ का गठन **19 जनवरी, 2006** को **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** के तहत प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिए विशेष प्रतिक्रिया के उद्देश्य से किया गया था।
- सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और असम राइफल्स उन बटालियनों में शामिल हैं जो इस विशेष, बहु-कुशल बचाव बल का हिस्सा हैं।




## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

### त्रिपुरा

- त्रिपुरा राज्य में 19 जनवरी को,**कोकबोरोक दिवस** के रूप में मनाया जाता है, जिसे **त्रिपुरी भाषा दिवस** के रूप में भी जाना जाता है।
- यह दिवस त्रिपुरी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भाषाई गौरव का उत्सव है।
- कोकबोरोक त्रिपुरा के स्वदेशी समुदाय की भाषा है, जो राज्य की लगभग एक-तिहाई आबादी द्वारा बोली जाती है।
- यह दिन वर्ष 1979 का सम्मान करता है जब कोकबोरोक को पहली बार आधिकारिक रूप से मान्यता मिली थी।
- 1900 में **ठाकुर राधामोहन देबबर्मा** ने भाषा के प्रकाशित व्याकरण में 'कोकबोरोक' लिखा था।

### महाराष्ट्र

- महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को आकार देने के प्रयास में **16 सदस्यीय समिति** के गठन की घोषणा की है, जिसे **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति 2025** के लिए सिफारिशें प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया है।
- महाराष्ट्र समर्पित एआई नीति बनाने वाला पहला राज्य बनेगा।
- महाराष्ट्र की यह एआई नीति भारत एआई मिशन नीति के ढांचे पर आधारित होगी।

## खेल

### खो-खो विश्व कप

- भारत ने पहले खो-खो विश्व कप में नेपाल को हराकर जीत दर्ज की।

**प्रमुख बिंदु:**

- भारत ने **इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम** में नेपाल को क्रमशः 54-36 और 78-40 से हराकर पहले खो-खो विश्व कप 2025 में पुरुष और महिला दोनों वर्ग का खिताब जीत लिया।

- भारतीय महिला टीम की **कप्तान प्रियंका इंगले** ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।
- भारत के खिताब जीतने की राह में ग्रुप स्टेज में दक्षिण कोरिया, ईरान और मलेशिया पर शानदार जीत शामिल थी, इसके बाद क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश और सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत दर्ज की गई।
- इस जीत से भारत खो-खो विश्व कप का पहला चैंपियन बन गया।

## विविध

- भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात **दिसंबर 2024 में 35.11 प्रतिशत बढ़कर 3.58 बिलियन डॉलर** पर पहुंच गया, जो पिछले साल के इसी महीने में 2.65 बिलियन डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार यह उच्च मूल्य वाले भारतीय सामानों की विदेशी मांग में वृद्धि और घरेलू उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि को दर्शाता है।
- नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NIXI) ने इंटरनेट गवर्नेंस इंटर्नशिप और क्षमता निर्माण योजना की शुरुआत की घोषणा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य **भारतीय नागरिकों के बीच इंटरनेट गवर्नेंस (IG) के बारे में जागरूकता पैदा करना** और विशेषज्ञता विकसित करना है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को आईसीएएनएन, आईएसओसी, आईईईई, आईईटीएफ (ICANN, ISOC, IEEE, IETF) जैसे I-Star संगठनों के साथ वैश्विक इंटरनेट गवर्नेंस प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से शामिल होने और क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम करने के लिए ज्ञान से लैस करना है।
- भारत और अमेरिका ने साइबर अपराधों की जांच में सहयोग बढ़ाने के लिए एक **समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर** किए हैं, जो दोनों पक्षों की एजेंसियों को सहयोग और प्रशिक्षण बढ़ाने की अनुमति देगा।
  - भारत की ओर से, केंद्रीय गृह मंत्रालय का **भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C)** जबकि अमेरिका की ओर से, एजेंसियां होमलैंड सुरक्षा विभाग और इसके घटक निकाय, आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (ICE) और होमलैंड सुरक्षा जांच साइबर अपराध केंद्र (C3) समझौता ज्ञापन को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्ज के बोझ से दबी **राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)** के लिए 11,440 करोड़ रुपये की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दी है।
  - इस पुनरुद्धार पैकेज में 10,300 करोड़ रुपये की नई इक्विटी डालना और 1,140 करोड़ रुपये के कार्यशील पूंजी ऋण को 7 प्रतिशत गैर-संचयी वरीयता शेयर पूंजी के रूप में परिवर्तित करना शामिल है, जिसे 10 साल बाद भुनाया जा सकेगा, ताकि आरआईएनएल को चालू हालत में रखा जा सके।

❍❍❍❍